an>

Title: Need to increase the sale price of paddy.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़) : अध्यक्ष महोदया, देश में धान का जो क्रय मूल्य लागत है, वह लागत से बहुत कम है। उसके कारण गांव के सभी किसान परेशान हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत की जनसख्या का 65 परसैन्ट कृषि पर निर्भर करता है।

13.00 hrs.

किसानों ने साहुकारों और सरकारी बैंकों के माध्यम से जो कर्ज लिया है, उसे वे लौटाने की स्थिति में नहीं है। इस गंभीर समस्या का समाधान तुरंत निकालने की आवश्यकता है, ताकि देश का गरीब किसान आर्थिक तंगी के कारण मजबूरी में आत्महत्या जैसे कदम न उठाए।

अतः सदन के माध्यम से सरकार से मेरा अनुरोध है कि धान के क्रय मूल्य को तुरंत प्रभाव से बढ़ाने का निर्देश जारी करने की कृपा करे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को

*m03 श्री सतीश कुमार गौतम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।